प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 18.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास और शुभारंभ, पूर्वोत्तर के विकास और कनेक्टिविटी पर दिया जोर।
2. आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा ने रांची में बनायी रणनीति, राज्य सरकार पर दलीय आधार पर चुनाव नहीं कराने का आरोप।
3. दुमका में दो फरवरी को मनाया जाएगा झामुमो का स्थापना दिवस, रांची में पलामू के सैकड़ों लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता।
4. रांची पुलिस ने बच्चा चोर गिरोह के तेरह सदस्यों को किया गिरफ्तार, बारह बच्चे बरामद, गुमला में चार गांजा तस्कर पकड़ाये।

और

5. राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में झारखंड सेकेंड रनर–अप, तीरंदाजी में 9 और वुशु में 5 सहित 14 पदक जीतकर रचा इतिहास।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के सिंगूर में कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने तीन अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों और एक पैसेंजर ट्रेन को भी रवाना किया। इस मौके पर श्री मोदी ने पूर्वोत्तर के विकास और कनेक्टिविटी पर जोर दिया।

***************

स्विटजरलैंड के दावोस शहर में कल से विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन की शुरुआत होगी। यह सम्मेलन 23 जनवरी तक चलेगा। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हो रहा है।

***************

राजधानी रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आगामी नगर निकाय चुनाव की रणनीति बनाने को लेकर आज बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी नेताओं ने राज्य सरकार पर दलीय आधार पर निकाय चुनाव नहीं कराने का आरोप लगाया। बैठक में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

***************

उपराजधानी दुमका में आगामी दो फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर दुमका में प्रमंडलस्तरीय नेताओं की बैठक हुई। विधायक बसंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी नेताओं ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के विचारो, सिद्धांतों और मार्गदर्शन के अनुरूप स्थापना दिवस मनाने की योजना बनायी।

इधर झामुमो के रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आज पलामू जिले के सैकड़ों ने लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी की सदस्यता लेनेवालों को झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय सदस्यता दिलायी।

***************

लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव के समीप बंगलादारा घाटी में बस पलटने से उस पर सवार पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई लोग घायल हैं। जानकारी के अनुसार बस पर सवार लोग छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से महुआडांड़ प्रखंड के लोध गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआड़ांड़ और निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं गंभीर रुप से घायल तीस लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

***************

रेलवे ने परिचालन कारणों से टाटानगर सहित कई रूटों पर चलने वाली यात्री, मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है। इसके तहत कुछ ट्रेनें रद्द, कुछ आंशिक रूप से समाप्त या प्रारंभ तथा कुछ के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। इस कारण 19 से 25 जनवरी के बीच जगदलपुर–धनबाद एक्सप्रेस, आद्रा–वसंतपुर मेमू, बर्धमान–हटिया मेमू, आद्रा–मेदिनीपुर मेमू सहित कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। वहीं टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस को वैकल्पिक मार्ग से चलाया जाएगा। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।

***************

रांची पुलिस ने बच्चा चोर गिरोह का खुलासा करते हुए तेरह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि गिरोह के पास से चोरी हुए बारह बच्चों को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि करीब दो दर्जन चोरों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। श्री रंजन ने बताया कि इस गिरोह की पहचान गुलगुलिया गैंग के रूप की गयी है, जिनके तार बिहार, ओडिशा, बंगाल और उत्तर प्रदेश से जुड़ा है।

***************

गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कारों के पास से एक सौ बत्तीस किलोग्राम गांजा और दो चार पहिया बरामद किया गया है।

***************

जामताड़ा और खूंटी समेत राज्य के कई जिलों में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मेगा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जामताड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित इस शिविर का उदघाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधाकृष्ण ने किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को प्राधिकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

साउंड बाईट––राधाकृष्ण, जागरूकता––24 सेकेंड

इस दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया और महिलाओं को बाल विवाह, डायन प्रथा, महिला उत्पीड़न जैसी कुरीतियों की रोकथाम को लेकर जागरूक किया गया।

***************

भारत सरकार के गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस, जेम की ओर से कल रांची में एक दिवसीय 'जेम एक्सिलेंस इवेंट' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य राज्य में सार्वजनिक खरीद–बिक्री को अधिक पारदर्शी, दक्ष और प्रभावी बनाना तथा खरीदारों और विक्रेताओं को जेम की नई डिजिटल सुविधाओं की जानकारी देना है।

***************

झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन ने राज्य सरकार की ओर से थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए उठाये गये कदम का स्वागत किया है। रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में एसोसिएशन के नदीम खान ने कहा कि संगठन थैलेसीमिया से जुड़े उठाये गये कदमों की सराहना की है।

***************

69वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में झारखंड की टीम सेकेंड रनर अप रही। मणिपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने तीरंदाजी और वुशु में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक जीतकर राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

*******समाप्त********